बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित वि.सं.– 38/2014, मानवता (अर्थशास्त्र), वि.सं.– 39/2014, मानवता (अंग्रेजी), वि.सं.– 40/2014 (रसायन), वि.सं.– 41/2014 (गणित) एवं वि.सं.– 43/2014 (भौतिकी) के अर्हित एवं औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों की लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा दिनांक 31.01.2016 को एक पाली में निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगीः–

क्रम सं.	परीक्षा की तिथि	समय	विज्ञापन संख्या एवं विषय	परीक्षा केन्द्र का नाम
1	31.01.2016	12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक	38/2014, अर्थशास्त्र	राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, पटना – 23
2	31.01.2016	12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक	39/2014, अंग्रेजी	राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गर्दनीबाग, पटना– 2
3	31.01.2016	12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक	40/2014, रसायन	ए.एन. कॉलेज, बोरिंग रोड, पटना – 13
4	31.01.2016	12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक	43/2014, भौतिकी	
5	31.01.2016	12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक	41/2014, गणित	जे.डी.वीमेन्स कॉलेज, पटना

2. उपर्युक्त विज्ञापनों वि.सं.– 38/2014, 39/2014, 40/2014, 41/2014 एवं 43/2014 से सम्बन्धित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इन विज्ञापनों के तहत लिखित परीक्षा के लिए प्रारंभिक रूप से अर्हित (Eligible), औपबंधिक रूप से अर्हित (Provisionally Eligible) एवं अनर्हित (Ineligible) उम्मीदवारों की सूची (विलम्ब से प्राप्त आवेदनों की सूची सहित) आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित की जा रही है। यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रारंभिक रूप से अर्हित एवं औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों की अंतिम अर्हता के सम्बन्ध में विभिन्न अर्हता/शर्त्तों की पूर्ण समीक्षा के बाद अंतिम निर्णय आयोग द्वारा यथा सम्भव लिया जायेगा। अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र भी शीघ्र उक्त वेबसाईट पर प्रकाशित किए जाएँगें। अनर्हित उम्मीदवारों को अलग से अस्वीकृति पत्र नहीं भेजे जाएँगें। सूची में अनर्हित उम्मीदवार को कोई आपत्ति हो, तो अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में विज्ञापन में निर्धारित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.09.2014 तक निर्गत शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ अपना अभ्यावेदन अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 20.01.2016 तक दे सकते हैं। उसके बाद प्राप्त होने वाले अभ्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
3. सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इस परीक्षा में शामिल होने मात्र से आपकी अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। परीक्षाफल प्रकाशन के किसी भी स्तर पर आपकी अर्हता की समीक्षा करने के उपरान्त उसपर यथोचित निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित होगा।
4. उपर्युक्त परीक्षाओं के लिए अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट पर परीक्षा की निर्धारित तिथि के एक सप्ताह पूर्व से उपलब्ध रहेंगे जिन्हें डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में भाग ले सकते हैं। **उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।**
5. सभी अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवार परीक्षा की तिथि को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के अतिरिक्त कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र, यथा मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि मूल में एवं इसकी एक छायाप्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।
6. उक्त सूचना आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

7/1/2016

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना